कार्यालय :जिला कार्यक्रम अधिकारी, शामली

पत्रांक:C-572 / जि0का0अ0 / आ0बा0स्था0 / विज्ञप्ति / 2025–26 दिनांक 10.11.2025

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58–1–2025(1917687), दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद शामली के ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेनद पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों पर वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैं :–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	आंगनबाड़ी सहायिकाओ के रिक्त पदो की संख्या
1	2	3	4
1	शामली	ग्रामीण	44
2	कैराना	ग्रामीण	38
3	थानाभवन	ग्रामीण	39
4	कांधला	ग्रामीण	26
5	ऊन	ग्रामीण	95
योग :–			242

उपरोक्त पदो का ग्रामवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड हैं।

विज्ञप्ति पदो की अर्हता एवं आवेदन भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञप्ति पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होगे।
2. सहायिका की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समक्ष होगी।
3. आवेदका का रिक्त पद के ग्राम सभा को स्थाई निवास एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य हैं।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष से 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. विज्ञप्ति पदो हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञप्ति पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 01.12.2025 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदो की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

(यामिनी रंजन) 10/11/2025
जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली

पृष्ठांकन तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, शामली।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शामली।
4. जिला सूचना अधिकारी, शामली को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को किन्ही 02 प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद–शामली को इस निर्देश के साथ कि अपनी–अपनी परियोजना पर रिक्त पदो का विवरण परियोजना मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।
6. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली